# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

28/01/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Prabhat Khabar (Jamshedpur,JKD.)**

गणतंत्र दिवस पर मंत्री सरयू राय ने गोपाल मैदान में किया झंडोत्तोलन, कहा

# हमें अपनी कमियों को दूर करते हुए देश व समाज को आगे बढ़ाना चाहिए



बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में परेड की सलामी लेते मंत्री सरयू राय. फोटो। प्रभात खबर



स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिजनों को किया गया सम्मानित.

लाइफ रिपोर्टर @ जमशेदपुर

बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मंत्री सरयू राय ने झंडोत्तोलन किया और परेड की सलामी ली. इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिजनों को सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सरयू राय ने कहा कि अपनी कमियों को स्वीकार करना होगा और यदि कोई हमारी कमियों को बताता है तो हमें उसे सुझाव के रूप में लेना होगा और उस पर अमल करते हुए देश और समाज को आगे बढ़ाना होगा. श्री राय ने कहा कि हमारे देश भारत एक महान राष्ट्र के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरने के लिए दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहा है और भारत विश्व की पांच बड़ी अर्थ व्यवस्था वाले देशों में शुमार हो गया है और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में हम सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर लेंगे. यह एक दिन में संभव नहीं हो पाया है. 69 साल की यात्रा का गौरवमय इतिहास है. आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं उस मुकाम तक पहुंचने के लिए देश को कई कठिनाइयों से जूझना पड़ा. ऐसा नहीं है कि हमेशा उत्साह का माहौल रहा, हमें लड़ाई भी लड़नी पड़ी और जीत भी मिली और हार का भी सामना करना पड़ा. पूर्वी सिंहभूम जिला न केवल झारखंड में बल्कि पूरे देश में भी उत्कृष्ट स्थान रखता है. जिला प्रशासन ने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जिस शिद्दत से लागू किया है, उसे जनता भी वह महसूस कर रही है. समाज का अंतिम व्यक्ति भी न केवल अवसर तलाश रहा है, बल्कि उसको प्राप्त हो रहा है. जिला प्रशासन द्वारा जिला के विकास के लिए जो प्रयास किये गये हैं वह सफल हो रहे हैं और उनके सुखद परिणाम भी दिख रहे हैं. जिला प्रशासन के प्रयास से ही जिले दुर्गम स्थानों पर भी लोगों को बुनियादी सुविधायें मिल रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है. कहा कि विकास के साथ-साथ विकास से उत्पन्न होने वाले संकट भी विचार करना होगा, चिंतन करना होगा और इसको आम लोगों से जोड़ना होगा. श्री राय ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा पर भी जोर दिया. झंडोत्तोलन के अवसर पर उपायुक्त अमित कुमार, एसएसपी अनूप बिरथरे, डीडीसी वी माहेश्वरी, सिटी एसपी प्रभात कुमार समेत जिला प्रशासन-पुलिस के सभी पदाधिकारी और कंपनियों के पदाधिकारी मौजूद थे.

### परेड में सीआरपीएफ को प्रथम व महिला बल को द्वितीय पुरस्कार

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट परेड के लिए सीआरपीएफ को प्रथम, महिला पुलिस को द्वितीय, सहायक पुलिस को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. एनसीसी सीनियर बॉयज को प्रथम, गाइड गर्ल्स को द्वितीय और स्काउट बॉयज को तृतीय पुरस्कार मिला.



### झांकी में सिविल डिफेंस प्रथम

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में टाटा मोटर्स, जिला स्वास्थ्य विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, समेकित अनुसूचित जनजाति विकास अभिकरण, सूचना एवं जन संपर्क विभाग, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले, कृषि विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, टाटा स्टील, रेड क्रास एवं सिविल डिफेंस द्वारा आकर्षक झांकी प्रस्तुत किया गया. सिविल डिफेंस को प्रथम, शिक्षा विभाग को द्वितीय और टाटा मोटर्स को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

**सिविल डिफेंस की झांकी में प्रदर्शन के दौरान भभकी आग :** सिविल डिफेंस द्वारा आग से बचाव और करंट से बचाव की झांकी प्रस्तुत की गयी. आग से बचाव के प्रदर्शन के दौरान आग दिखाने के लिए गैस डालने से आग भड़क गया, जिससे एक युवती का बाल झुलस गया. तत्काल सीज फायर डाल कर आग को बुझाया गया.

**Dainik Jagran (Aligarh,UP.)**

# उत्कृष्ट सेवाओं का मिला सम्मान

## गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में शिक्षा राज्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण

**जागरण संवाददाता, अलीगढ़** : गणतंत्र दिवस पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में मनाया गया। स्कूली बच्चों की देशभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने ध्वजारोहण कर एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। स्वतंत्रता सेनानी आफताब अहमद को सम्मानित किया। राज्यमंत्री ने डीआइजी प्रीतिंदर सिंह, एसएसपी आकाश कुलहरि के साथ परेड की सलामी लेकर अमर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। परेड का नेतृत्व एएसपी नीरज जादौन ने किया। एएसपी निपुण अग्रवाल व दारोगा महेश यादव परेड कमांडर थे। परेड में हर्ष फायर भी की गई। परेड में बाइक दस्ता, फायर ब्रिगेड, वायरलेस, फील्ड यूनिट, वज्र वाहन, यूपी डायल 100 व डॉग स्क्वाड शामिल हुए।

**सराहनीय कार्यों के लिए सम्मान** : राज्यमंत्री ने पुलिस व सभ्रांत नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीओ प्रथम विशाल पांडेय, सीओ खैर अनुज चौधरी, इंस्पेक्टर देहलीगेट रविंद्र सिंह, इंस्पेक्टर गांधीपार्क वीरेंद्र इंदौलिया, इंस्पेक्टर खैर छोटेलाल, इंस्पेक्टर अतरौली प्रवेश राणा, शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी उदिय नयन सिंह, एसओजी प्रभारी श्रवण कुमार सिंह, सर्विलांस प्रभारी अभय शर्मा समेत 88 पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। 100 से अधिक सभ्रांत नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सराहनीय सेवा के लिए डीजीपी डिस्क लेने वालों में हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, कांस्टेबल फिरोज खां व नवीन कुमार थे।

**रंगारंग कार्यक्रम** : विभिन्न विद्यालयों ने रंगारंग कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इनमें एसजेडी पब्लिक स्कूल, विश्व भारती पब्लिक स्कूल, एमएफआइ पब्लिक स्कूल, गगन पब्लिक स्कूल, ग्रीन क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, नेशनल कांवेंट स्कूल, चाचा नेहरू मदरसा, जीके एजुकेशनल सोसाइटी, किड्स आइलैंड सीनियर सेकेंडरी, अवर लिटिल ब्लॉसम स्कूल आदि के बच्चे शामिल थे।

**ये रहे उपस्थित** : एटा सांसद राजवीर सिंह, शहर विधायक संजीव राजा, कोल विधायक अनिल पाराशर, मंडलायुक्त अजयदीप सिंह, डीएम चंद्रभूषण सिंह, एसपी सिटी आशुतोष द्विवेदी, एसपी देहात मणिलाल पाटीदार, एसपी ट्रैफिक अजीजुल हक आदि।



आरएएफ में परेड की सलामी लेते कमांडेंट हेलाल फिरोज • जागरण

**अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी करें निर्वहन** : कलक्ट्रेट में डीएम चंद्रभूषण सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। शहीद स्तंभ पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। डीएम ने कहा कि लोग अपने मौलिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी निर्वहन करें। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। विकास भवन, नगर निगम, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, सीएमओ दफ्तर, जिला अस्पताल व अन्य विभागों में ध्वजारोहण हुआ।

**ध्वजारोहण के साथ क्रिकेट भी** : आरएएफ वाहिनी में कमांडेंट हेलाल फिरोज ने ध्वजारोहण किया। वाहिनी परिवार कल्याण केंद्र के संस्कार मांटेसरी स्कूल व वाहिनी के गोद लिए गांव सुखरावली के प्राथमिक विद्यालय में भी ध्वाजारोहण किया। इस अवसर पर कैंपस में आरएएफ लाइंस व आरएएफ वेरियर के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच हुआ। आरएएफ लाइंस ने 15 ओवर में 92 रन बनाए, जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम 91 रन पर सिमट कर रह गई। विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर भवेश चौधरी, राजीव रंजन, सुरेश कुमार, हिमकांत दीक्षित आदि थे।

**Dainik Jagran (Aligarh,UP.)**

# आरएएफ बटालियन व जादौन क्लब बने रस्साकसी विजेता

जागरण संवाददाता, अलीगढ़ : शारदा स्पोर्ट्स ट्रस्ट के सहयोग से नुमाइश में रविवार को खेल महोत्सव का उद्घाटन हुआ। पहले दिन रस्साकसी व टेबल टेनिस खेल हुए। नुमाइश मैदान में हुई रस्साकसी में सीनियर पुरुष वर्ग में जादौन क्लब व सीनियर महिला वर्ग में आरएएफ 104 बटालियन की टीमें विजेता रहीं। स्पोर्ट्स स्टेडियम में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने हुनर दिखाया। संचालन यूपी ओलंपिक संघ के सह संयुक्त सचिव मजहर उल कमर ने किया। अध्यक्षता शारदा स्पोर्ट्स ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने की।

इसके पहले मुख्य अतिथि डीएम चंद्रभूषण सिंह ने मशाल जलाकर उद्घाटन किया। खिलाड़ियों ने 21 गोले दागकर सलामी दी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। खेल नुमाइश के अध्यक्ष कौशल कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आरएएफ बटालियन व ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बैंड की धुन पर मार्चपास्ट कर सलामी दी। इस दौरान शिक्षाविद् डॉ. रक्षपाल सिंह, एडीएम प्रशासन अजय श्रीवास्तव, एसडीएम कोल जोगेंद्र सिंह, राकेश सक्सेना, शमशाद निसार आजमी, अर्जुन सिंह फकीरा, मोहम्मद अली, मुजाहिद असलम, विष्णु कुमार बंटी, विनीत यादव भगत सिंह बाबा मौजूद रहे



### हंगामे के बाद बाहरी तत्व बाहर

रस्साकसी प्रतियोगिता के दौरान बालिका वर्ग के समर्थन में कुछ बाहरी तत्व मैदान में आ गए। उनसे खेल संयोजकों की तकरार हो गई। तकरार इतनी बढ़ी कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। हंगामे के बाद प्रतियोगिता फिर शुरू कराई गई।

### रस्साकसी परिणाम

**सीनियर महिला वर्ग**

- आरएएफ 104 बटालियन प्रथम।
- फिजिकल एजुकेशन विभाग एएमयू द्वितीय।

**सीनियर पुरुष वर्ग**

- जादौन क्लब प्रथम।
- आरएएफ 104 बटालियन द्वितीय।

**अंडर-16 बालक वर्ग**

- अग्रसेन इंटर कॉलेज प्रथम।
- ब्ल्यू ड्रेगर द्वितीय।

**अंडर-16 बालिका वर्ग**

- बीबी गर्ल्स इंटर कालेज प्रथम।
- अग्रसेन इंटर कालेज द्वितीय।

**ओवर-16 आयु वर्ग**

- महर्षि विद्या मंदिर प्रथम।
- टीआर कॉलेज द्वितीय।

### टेबल टेनिस परिणाम

**जूनियर बालिका वर्ग**

- फातिमा हाला, छवि शर्मा, अर्शी श्रीवास्तव, परिणति, स्कंद, यशाशा, आची, जेहरा, दिशा ने अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान पाया।

**जूनियर बालक वर्ग**

- अरिहंत, भविष्य कुमार, आदित्य, मोहम्मद माज, मानस, कनव गर्ग, श्रेयान, रजत गुप्ता, राघव, शौर्य कुलश्रेष्ठ, अभिषेक वर्मा ने प्रथम स्थान पाया।

**सीनियर बालक वर्ग**

- यश, देव वार्ष्णेय, गगन माथुर, तन्मय सिंघल, ध्रुव वार्ष्णेय, यश चावला, पुलकित पांडेय प्रथम स्थान पर रहे।

## Amar Ujala (Aligarh,UP.)



संत फिदेलिस स्कूल ताला नगरी परिसर के बाल भवन में गणतंत्र दिवस के मौके पर कार्यक्रम की प्रस्तुत देते बच्चे। अमर उजाला



आरएएफ बटालियन परिसर में सलामी लेते कमांडेंट हेलाल फिरोज, सहायक कमांडेंट भावेश चौधरी आदि। अमर उजाला

## Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF











**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**